# बिहार मानवाधिकार आयोग

9, बेली रोड पटना–15

पत्रांक– BHRC/स्था0– 33 / 14.../..... पटना, दिनांक...../2021

प्रेषक,

उप सचिव
बिहार मानवाधिकार आयोग, पटना ।

सेवा में,

सरकार के विशेष सचिव,
गृह (विशेष) विभाग, बिहार, पटना ।

**विषय : बिहार मानवाधिकार आयोग, पटना के वाहन संख्या BR01-BF-4589 की नीलामी की सूचना प्रकाशित करने के संबंध में**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि बिहार मानवाधिकार आयोग, पटना के एक (01) वाहन संख्या BR01-BF-4589 की विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 14 (चौदहवें) कार्यदिवस को सार्वजनिक नीलामी निर्धारित की गई है। इस नीलामी की सूचना राज्य के प्रमुख (हिन्दी / उर्दू / अंग्रेजी) दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशनार्थ पाँच (05) प्रतियों में सी0डी0 सहित संलग्न की जा रही है।

अतः अनुरोध है कि संलग्न सूचना को राज्य के प्रमुख (हिन्दी / उर्दू / अंग्रेजी) दैनिक समाचार पत्रों में शीघ्र प्रकाशित करने हेतु सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार, पटना को आवश्यक निदेश देने की कृपा की जाय। संलग्न सूचना कुर्ती देव 010 में अंकित है।

**अनुलग्नकः सूचना पाँच मूल प्रतियों (सी0डी0 सहित) में।**

विश्वासभाजन

उप सचिव
बिहार मानवाधिकार आयोग, पटना

# आवश्यक सूचना

## बिहार मानवाधिकार आयोग

9, बेली रोड, पटना 15

बिहार मानवाधिकार आयोग, पटना के वाहन संख्या BR01-BF-4589 (Maruti Suzuki SX4) की नीलामी वाहन संख्या के सम्मुख अंकित न्यूनतम राशि के अनुसार बिहार मानवाधिकार आयोग कार्यालय के परिसर में विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 14 (चौदहवें) कार्यदिवस को सार्वजनिक नीलामी के आधार पर नीलाम की जायेगी।

**01.** BR01-BF-4589 **₹ 1,00,000/– (एक लाख) रुपये मात्र**

*02.* वाहन संख्या BR01-BF-4589 (Maruti Suzuki SX4) को किसी भी कार्यदिवस को बिहार मानवाधिकार आयोग, पटना के उत्तरी परिसर के पार्किंग में देखा जा सकता है।

*03.* वाहन संख्या BR01-BF-4589 (Maruti Suzuki SX4) की नीलामी में केवल वे ही व्यक्ति भाग लेने तथा डाक बोलने के हकदार होंगे, जिनके द्वारा **₹ 50,000/–** (पचास हजार) रु0 जमानत/प्रतिभूति राशि के रुप में बैंक ड्राफ्ट उप सचिव, बिहार मानवाधिकार आयोग, पटना के नाम से कार्यालय में नीलामी की तिथि से एक (01) दिन पूर्व जमा किया जायेगा।

*04.* वाहन संख्या BR01-BF-4589 (Maruti Suzuki SX4) की नीलामी में भाग लेने वाले अधिकतम डाक वक्ता को डाक की कुल राशि का 25% राशि डाक समाप्त होते ही बिहार मानवाधिकार आयोग, पटना के कार्यालय में जमा करना होगा तथा शेष रकम नीलामी के अनुमोदन के एक सप्ताह के अंदर जमा करना होगा। राशि जमा नहीं करने की स्थिति में प्रतिभूति की राशि जब्त करते हुए डाक से दावा भी समाप्त हो जायेगा।

*05.* वाहन संख्या BR01-BF-4589 (Maruti Suzuki SX4) की नीलामी में डाक की रकम पर नियमानुसार GST तथा अन्य कर भी अदा करना होगा।

*06.* वाहन संख्या BR01-BF-4589 (Maruti Suzuki SX4) की नीलामी में सफल डाक वक्ता को छोड़कर शेष डाक वक्ताओं की प्रतिभूति की राशि डाक समाप्ति के पश्चात् उसी दिन लौटा दी जायेगी।

*07.* बिहार मानवाधिकार आयोग, पटना को बिना कारण बताए डाक को अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रहेगा।

7/10/21

उप सचिव
बिहार मानवाधिकार आयोग, पटना

**नोटः विशेष जानकारी के लिए Website: www.bhrc.nic.in पर भी संबंधित सूचना को देखा जा सकता है।**